## सार-समाचार

### शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण

**करौली ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बुधवार को नगर परिषद करौली में शहरी सेवा शिविर व पंचायत समिति मंडरायल की ठााम पंचायत लांगरा व बुगडार में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी व ठाामीणों से हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की। उन्होंने शिविर में आये आमजन के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सभी विभागाधिकारियों को प्रत्येक दिन की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करने व अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर राहत प्रदान करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शिविरों में समय पर उपस्थित होकर पखवाडे को सफल बनाने के निर्देश भी दिये। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, ठाामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगो से विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। इस दौरान उपखंड अधिकारी एवं नगर परिषद आयुक्त प्रेमराज मीना सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### वैष्णव समाज ने की मुख्यमंत्री से चर्चा

**करौली ।** मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से वैष्णव समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि मंडल की सामाजिक मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।जिसमें समाज के उत्थान एवं समाज की समस्याओं पर चर्चा हुई मुख्यमंत्री ने समाज की समस्याओं पर शीघ्रता से प्रयास करके समस्याओं का समाधान का आश्वासन दिया।तथा वैष्णव समाज का योगदान सभी क्षेत्रों में समाज व सनातन हित में रहा। इसके लिए भी बहुत प्रशंसा की । वैष्णव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री का स्वागत अभिनंदन किया।जिसमें विभिन्न जिलों से आए हुए वैष्णव बंधुओ के साथ महिलाएं भी शामिल थी। करौली जिले से श्रीमती विद्या वैष्णव ने मुख्यमंत्री को कैला देवी जी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया एवं श्री राधा मदन मोहन जी का प्रसाद भेंट किया। सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जानकी दास ने दुपट्टा उड़ा कर सांवरिया सेठ का प्रसाद व विभिन्न जिलों से आए हुए सभी बंधुओ ने अपने-अपने क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलो की दुपट्टा प्रसाद तस्वीर आदि से मुख्यमंत्री का अभिनंदन स्वागत किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने आवास पर वैष्णव समाज को बुलाया समाज के लिए इतना सोचा और समय दिया इसके लिए राजस्थान प्रदेश का वैष्णव समाज मुख्यमंत्री का हार्दिक साधुवाद आभार व्यक्त करता है। इस बैठक में राजस्थान के लगभग सभी जिलों से प्रतिनिधि पधारे और सभी का परिचय हुआ सभी ने स्वागत किया बाद में संभाग स्तर पर भी स्वागत करने का मौका मिला।भरतपुर संभाग से करौली से प्रमोद शर्मा, विद्या वैष्णव, सवाई माधोपुर गंगापुर सिटी से जमनालाल वैष्णव, मुरारी लाल वैष्णव आदि ने श्री खाटू श्याम जी की तस्वीर देकर स्वागत किया।

### पंचम नवरात्र महोत्सव 22 से

**हिंडौन सिटी।** श्री भुमिया बाबा भक्त मण्डल किशन नगर हिंडौन सिटी के तत्वाधान एवं श्री जयानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में भुमिया बाबा मन्दिर किशन नगर हिंडौन सिटी में 22 सितंबर से पंचम नवरात्र महोत्सव का आयोजन धूम धाम से किया जावेगा। भक्त मण्डल से जुडे प्रत्येक गोयल एडवोकेट ने बताया कि गत वर्षो की भाँति इस बार भी नवरात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा है, जिसमें प्रथम दिन नई मंदिर शिवालय से मंदिर परिसर तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। नौ दिन तक माता रानी के अलग अलग रूपों की पूजा अर्चना की जाएगी। रोज संध्या 7.30 बजे माता रानी की आरती होगी एवं सजीव झांकियों का आयोजन किया जाएगा। 27 सितंबर को जगराता, 29 सितंबर को छप्पन भोग एवं फूल बंगला झांकी का आयोजन किया जाएगा।

### करणपुरधाम बस यात्रा 28 को

**गंगापुर सिटी ।** माँ गुमानो बिजासनी देवी सेवा समिति के तत्वाधान में मासिक बस यात्रा 28 सितंबर आश्विन मास सुदी छठ रविवार को गंगापुर सिटी से दोपहर 1.3०बजे नई थोक फल सब्जी मंडी उदेई मोड से रवाना होकर शाम 5 बजे करणपुर धाम पहुँचेगी। यात्रा संयोजक दिनेश चूडी ने बताया कि बरसात में घाटी खराब होने के कारण बारिश आने पर बस घाटी पर खडी होती है तो यात्री स्वयं उतरेगा और चढेगा समिति की व्यवस्थाओं में यात्रियों से समिति सहयोग अपेक्षा करती है। समिति अध्यक्ष महेश चंद शर्मा, महामंत्री गोपाल सोनी ने सभी माँ के भक्तों बस यात्रा संयोजक व समिति पदाधिकारियो से सर्म्पक कर सीट बुक कराने की अपील की है।

### भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता 21 को

**करौली,** (निंस.) भारत विकास परिषद् शाखा करौली के तत्वावधान में भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता का दूसरा चरण रविवार 21 सितंबर को शिवा एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिंडौन गेट करौली में प्रातः 12 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रभारी पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम चरण में विद्यालय स्तर पर आयोजित लिखित परीक्षा में आठ विद्यालयों के सीनियर वर्ग में 325 तथा जूनियर वर्ग में 402 विद्यार्थियों ने भाग लिया था।द्वितीय चरण क्विज में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की मौखिक प्रश्नोत्तरी आयोजित होगी।परिषद् के जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने बताया कि विद्यार्थियों में भारत देश की संस्कृति, धर्म, महापुरुष, भूगोल, स्वतंत्रता संठााम, विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों की रोचक तरीके से जानकारी देने एवं उन पर गर्व की भावना पैदा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

### मोदी के जन्मदिन पर गायों को चारा खिलाया

**करौली ।** भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को करौली शहर मंडल में स्थित यादव बाटी गौशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गायों को हरा चारा खिलाकर एवं गायों की सबामणि कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान शहर मंडल करौली में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की इस दौरान जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ,अजय पाल, जिला मंत्री आरती बैसला, नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा, निवर्तमान जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला, मंडल महामंत्री आशीष जैन, तेजेंद्र सिंह जादौन,मंडल उपाध्यक्ष विक्की गुरु, धन सिंह चौहान, उत्तम सिंह जादौन, विद्या वैष्णव, वूथ अध्यक्ष आशुतोष जैन,लोकमानी वैष्णव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सेमिनार का आयोजन

**गंगापुर सिटी ।** मित्तल आदर्श उच्च माध्यमिक स्कूल, मिर्जापुर में बुधवार को भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एक मोटिवेशनल सेमिनार भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। शाखा अध्यक्ष राजेंद्र खारवाल ने भारत विकास परिषद के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों की जानकारी दी। डॉ. धर्मेंद्र मित्तल ने परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में गुरुजनों और माता-पिता के प्रति आदर-सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं, जो उनके सफल जीवन की आधारशिला है।कार्यक्रम संयोजक मदनमोहन आर्य ने गुरु के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि गुरु के ज्ञान से ही विद्यार्थी उच्च जीवन की ओर बढ़ते हैं। गोविंद दीक्षित ने छात्रों को अच्छे संस्कार अपनाने और आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। स्कूल की मेधावी विद्यार्थियों नेहा गुर्जर, नीरज गुर्जर, अर्चना गुर्जर, अन्वी गुप्ता, दिव्या जोशी, हर्षित शर्मा, साक्षी मीणा, हेमलता गुप्ता और कोमल माली को स्मृति चिन्ह, श्रीफल, तिलक और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों राकेश कुमार शर्मा और योगेश शर्मा को भी सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र मित्तल को गंगापुर सिटी तहसील में निर्धन वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और हिंदी माध्यम में श्रेष्ठ स्कूल संचालित करने के लिए विशेष सम्मान दिया गया।कार्यक्रम के अंत में डॉ. मित्तल ने परिषद के इस प्रेरणादायी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत होते हैं। कार्यक्रम का संचालन मदनमोहन आर्य ने किया और अंत में शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र खारवाल ने सभी अतिथियों और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# मोदी के जन्म दिन पर सेवा पखवाड़े की शुरुआत, मरीजों को फल बांटे

**हिण्डौन सिटी ।** भारतीय जनता पार्टी हिंडौन शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिनसेवा पखवाड़ाकी शुरुआत कर मनाया। शहर मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रातः 10 बजे जिला चिकित्सालय मोहन नगर पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया और सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई अभियान चलाया। इसके साथ ही राज्य सरकार केसशक्त नारी-समृद्ध नारी कैंप में पहुंचकर कैंप का जायजा लिया। दोपहर मेंसेवा पखवाड़ा आत्मनिर्भर-जीएसटी

- **सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई अभियान चलाया। साथ ही राज्य सरकार के सशक्त नारी-समृद्ध नारी कैंप में पहुंचकर कैंप का जायजा लिया**

रिफार्म्सविषयक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

कार्यक्रम के तहत 20 सितंबर को हिंडौन जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर, शक्ति केंद्रों पर निशुल्क चिकित्सा शिविर, हर बूथ पर स्वच्छता अभियान, धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई, वृक्षारोपण तथा खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही जीएसटी रिफार्म्स के बारे में आमजन को जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष हेमेंद्र वशिष्ठ, जिलाउपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक तेज सिंह जमालपुर, सह संयोजक ललित शर्मा, अजय मित्तल, रामेश्वर धाकड़, अनिल गोयल, राधा मोहन पाठक, गिर्राज मित्तल, लज्जारानी, प्रहलाद शर्मा, जुगल चतुर्वेदी, मुकेश काका, सम्पत कोली, गणेश कोली, गजेंद्र राजपूत, सुबोध जैन, भूपेंद्र गुर्जर, गौरव चतुर्वेदी, सोंटू गोयल, सचिन गोयल, कृष्णा चौधरी, राजीव सहारिया, डॉ. दीपचंद कोली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




भारतीय जनता पार्टी हिंडौन शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े की शुरुआत की।

## एसडीएम कार्यालय के बाहर गंदगी से अटी नालियां

**हिण्डौन सिटी ।** शहर के उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर मुंसिफ कोर्ट जाने वाले मार्ग पर नालियां कचरे और कीचड़ से पूरी तरह अटी पड़ी हैं। जिसके कारण चारों तरफ बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात यह है कि कॉलोनीवासियों का जीना दूभर हो गया है और क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका मंडरा रही है। कॉलोनीवासियों श्रीलाल, दीना, दीपक, रामसिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं होने के कारण पानी का निकास बंद हो चुका है। इससे गंदगी में कीटाणुयुक्त मच्छर पनप रहे हैं। लोगों ने बताया कि सफाई निरीक्षक मौके पर स्थिति देखने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं करते। नगर परिषद प्रशासन की लापरवाही के चलते सफाई व्यवस्था के बड़े-बड़े दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

# विद्यार्थियों व स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण

**हिंडौन सिटी।** समीपवर्ती जगदीश धाम कैमरी स्थित राजकीय महाविद्यालय नादौती में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में, प्राचार्य डॉ. बल्लू राम मीणा के मार्गदर्शन एवं संयोजक मोनिका माल के संचालन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कैमरी के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सीएचसी कैमरी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र हरसाना के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सीएचसी कैमरी के चिकित्सक डॉ. सिमरन पाल सिंह एवं डॉ. जितेन्द्र गुर्जर अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। शिविर में केवल महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें विशेष रूप से

- **कैमरी के राजकीय महाविद्यालय में चिकित्सा शिविर का आयोजन**
- **विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं जीवनशैली से सम्बन्धित उपयोगी परामर्श भी दिया**

बी.एम.आई. (बॉडी मास इंडेक्स) तथा हीमोग्लोबिन स्तर की जाँच की गई। साथ ही ज़रूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं।

डॉ. सिमरन पाल सिंह एवं डॉ. जितेन्द्र गुर्जर ने आवश्यकतानुसार विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं जीवनशैली से सम्बन्धित उपयोगी परामर्श भी दिया। शिविर के आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण मोनिका माल, ज्योति मीणा, मनोज कुमार गुप्ता तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ. सुरेन्द्र हरसाना, डॉ. सिमरन पाल सिंह, डॉ. जितेन्द्र खटाना, फार्मासिस्ट वीरेन्द्र पंवार, लैब टेक्निशियन अनिल उपाध्याय, स्वास्थ्य मार्गदर्शक भूपेन्द्र खटाना अधैत, विक्रम मीना, नमोनारायण मीना भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और सहयोग प्रदान किया। राजकीय महाविद्यालय नादौती परिवार ने इस सफल स्वास्थ्य शिविर हेतु सीएचसी कैमरी की टीम, महिला प्रकोष्ठ एवं महाविद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# इंदिरा एकादशी पर श्याम भक्तों का उमड़ा सैलाब

**गंगापुर सिटी ।** बुधवार को इंदिरा एकादशी पर्व धूमधाम से मनाया गया। नहर रोड स्थित कुशालगढ के बाबा श्याम मंदिर और श्री कल्याणजी मंदिर में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। बाबा श्याम और बाबा कल्याणधणी जी का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसकी एक झलक पाने के लिए दिनभर हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कुशालगढ़ के बाबा श्याम मंदिर में आश्विन कृष्ण पक्ष की इंदिरा एकादशी पर बाबा का अलौकिक और आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया, जिससे दिनभर पैर रखने की जगह नहीं मिली। इसी प्रकार, श्री कल्याणजी मंदिर में भी बाबा कल्याणजी की भव्य झांकी सजाई गई। दोनों मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा देखने को मिली। बुधवार सुबह मंदिरों की साफ-सफाई और धुलाई की गई। इसके बाद बाबा श्याम और श्री कल्याण जी महाराज का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। बाबा श्याम के लिए कलकत्ता से केवडा, चंपा, रजनीगंधा, मोगरा और विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूल मंगवाए गए थे। उन्हें नई पोशाक भी धारण कराई गई, जिसके बाद विशेष पूजा-अर्चना और आरती हुई। मंदिर में सुबह 4 बजे से ही श्याम प्रेमियों का आगमन शुरू हो गया था। गंगापुर शहर के साथ-साथ महुकलां, महुखुर्द, जलोखरा, बाढकलां, उदेई, जाटबडौदा, खानपुर बडौदा, उमरी, सलेमपुर, चूली सहित आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। बारिश के बावजूद भी भक्तों की भीड कम नहीं हुई। श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया और श्याम प्रेमियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त, कई अन्य संगठनों ने भी श्रद्धालुओं के लिए शर्बत और ठंडाई की व्यवस्था की। मंदिर में बाबा श्याम और श्री कल्याण जी महाराज के दर्शनों के साथ-साथ छप्पन भोग की झांकी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लग रहा। शाम को बाबा श्याम की विशेष पूजा अर्चना और इसके बाद आरती की गई जिसमें हजारों भक्तों ने आरती में भाग लेकर परिवार में खुशहाली और सुख समृद्धि की मनौती मांगी। श्री कल्याण जी मंदिर और नहर रोड के कुशालगढ मंदिर में श्रद्धालुओं ने गोपाल सहस्त्रनाम श्याम चालीसा आदि के पाठ किया।

## विजेता सम्मानित

**गंगापुर सिटी ।** 69वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा द्वितीय समूह ऋीडा प्रतियोगिता का समापन बुधवार को राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल बाढ सालौदा में हुआ। इस प्रतियोगिता में करीब 375 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह में एसीबीईओ हनुमान गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि यूसीईईओ गंगापुर सिटी ओमप्रकाश बैरवा ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि हनुमान गोयल ने खेलों को जीवन के समग्र विकास का आधार बताया और कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। अध्यक्ष ओमप्रकाश बैरवा ने खेलों को सफल जीवन जीने की कला सिखाने वाला बताया, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ सकारात्मक सोच भी प्रदान करते हैं। शारीरिक शिक्षक शफी मोहम्मद ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल पांच खेल आयोजित किए गए। इनमें त्रिकेट, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, नेटबॉल और राइफल शूटिंग शामिल थे।

# मोदी के 75 वें जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान, पौधे रोपे

**गंगापुर सिटी ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर फब्बारा चौक पर शहरवासियों को हलवा वितरित किया गया। प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाडे के रूप में मनाने की शुरुआत भी की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए बताया कि पार्टी और सरकार अगले 15 दिनों तक इसे सेवा पखवाडे के रूप में मनाएगी। उन्होंने

- **मोदी के जन्म दिन पर भाजपा पदाधिकारियों ने सेवा पखवाड़े की शुरुआत की**

कहा कि भाजपा हर साल प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को जनसेवा के रूप में मनाती रही है, लेकिन इस बार 75वें जन्मदिन के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं।इस पखवाडे के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, गौसेवा, संतों का सम्मान, रक्तदान शिविर और युवा मोर्चा द्वारा नमो मैराथन जैसे कई कार्यऋम आयोजित किए जाएंगे।जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल ने जानकारी दी कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार व पोषण अभियान के तहत देश भर में एक लाख से अधिक स्थानों पर हेल्थ कैंप लगाए जाएंगे।इन शिविरों में विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण और बच्चों के पोषण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।सभापति शिवरतन अग्रवाल और जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने सेवा पखवाडे के तहत आयोजित होने वाले कार्यऋमों का विस्तृत कार्यक्रम बताया। इसके अनुसार, 18 सितंबर को स्वच्छता अभियान, 19 सितंबर को गौसेवा कार्यक्रम, 2० सितंबर को शहर मंडल व तलावडा मंडल का संयुक्त रक्तदान शिविर, 21 सितंबर को भाजयुमो द्वारा नमो मैराथन दौड, 22 सितंबर को दुर्गा पूजा व घट स्थापना, 23 सितंबर को स्वच्छता सेनानियों का सम्मान, 24 सितंबर को वृक्षारोपण व वृक्ष वाटिकाओं का संरक्षण कार्यक्रम, 25 सितंबर को दीनदयाल जयंती पर पुष्पांजलि व गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित होगा।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर गंगापुर सिटी में भाजपा पदाधिकारियों ने लोगों को अल्पाहार कराया ।

## सार-समाचार

### जम्बो सोसायटी की चौदहवीं वार्षिक साधारण सभा संपन्न

**करौली, (निंसं.)।** जम्बो सोसायटी की चौदहवी वार्षिक साधारण सभा सोसायटी अध्यक्ष बद्री मीणा की अध्यक्षता में पंजीकृत कार्यालय अजय निवास गुलाब बाग करौली में दोपहर 12 बजे संपन्न हुई जिसमें सोसायटी के अंकेक्षित लेखों का अनुमोदन किया गया। इस दौरान सचिव वेद प्रकाश सिंह उर्फ लालाजी ने बताया कि आम सभा एजेंडा के प्रत्येक बिंदु पर उपस्थित सदस्यों से परस्पर विचार करके प्रस्तावित प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया । सोसायटी पूर्णतः स्ववित्त एवं सदस्यों द्वारा संचालित है एवं एवं अल्प समय में बेहतर परिणाम अर्जित किये गए है जिसके लिये सभी सदस्य एवं कर्मचारी बधाई के पात्र है। इस मौके पर सोसायटी सदस्य रिद्दी चंद बंसल, दीपक शर्मा, लज्जाराम प्रजापत, प्रकाश लाल कश्यप, रिंकू सिंह, नागेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, जीतेंद्र शर्मा, दीपक सारस्वत, विकास मित्तल, चन्द्रशेखर धाबाई, गणेश सिंह आदि गणमान्य लोग एवं सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षक व इंजीनियर सम्मानित

**गंगापुर सिटी ।** लायंस क्लब गंगापुर सिटी द्वारा भगवती पैलेस उदेई मोड पर शिक्षकों और इंजीनियर के सम्मान हेतु एक कार्यक्रम रखा गया जिसमें लायंस क्लब गंगापुर सिटी के सभी सदस्य और परिवार जन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम नगर परिषद गंगापुर सिटी के सभापति लायन शिवरतन अग्रवाल, एरिया लीडर लायन दिनेश सिंघल, जॉन चेयरपर्सन डॉक्टर निर्मल शर्मा तथा रीजन एडवाइजर लायन राधेश्याम विजयवर्गीय, क्लब के अध्यक्ष लायन मुकेश चंद्र गुप्ता लोहे वाले, सचिव प्रोफेसर धीरज कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष लायन दिनेश खंडेलवाल ने मंच पर अपना स्थान ग्रहण किया उसके पश्चात ध्वज वंदना और ईश्वर प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का आगाज शुरू हुआ। उसके बाद अध्यक्ष लायन मुकेश द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ की घोषणा की गई तथा स्वागत भाषण दिया गया उसके पश्चात प्रोफेसर लाइन धीरज कुमार गुप्ता द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। आने वाले सेवा सप्ताह के लिए विचार विमर्श उपरांत प्रकल्प निर्धारित किए गए। सेवा सप्ताह का मुख्य संयोजक लायन राजेंद्र प्रसाद गुप्ता अकाउंटेंट को बनाया गया। कार्यऋम में उपस्थित क्लब की सम्मानित शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसी प्रकार इंजीनियर डे उपलक्ष में इंजीनियरों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लायन शिवरतन अग्रवाल अग्रवाल द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों ने परिवार सहित भाग लिया और अपनी गरिमामय उपस्थित से कार्यक्रम को सफल और सार्थक बनाया।

### पेट्रोल पंप कर्मचारियों से अभद्रता, धमकी व ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज

**बयाना भरतपुर** (निस)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय सचिव राजेश गोयल के खिलाफ रिलायंस पेट्रोल पंप कर्मचारियों से अभद्रता, धमकी और ब्लैकमेलिंग के आरोप में बयाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। रिलायंस पेट्रोल पंप के मैनेजर सत्यभान सोलंकी ने शिकायत में बताया कि 29 अगस्त को राजेश गोयल अपनी रॉयल एनफील्ड (नंबर 7007) से पेट्रोल भरवाने आए थे। पेट्रोल भरने के बाद जब कर्मचारी ने भुगतान मांगा तो उन्होंने गाली-गलौज की और पैसे देने से इनकार कर दिया। साथ ही उन्होंने खुद को राष्ट्रीय सचिव बताते हुए पंप बंद कराने और बदनाम करने की धमकी दी। शिकायत में यह भी कहा गया है कि गोयल ने बाद में स्थानीय समाचार पत्रों में झूठी खबरें प्रकाशित करवा कर पंप संचालिका माधवी चाहर और प्रार्थी की मानहानि की, तथा लगातार ब्लैकमेलिंग कर पैसों की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सेवा पखवाड़ा के तहत हुई कार्यशाला

**करौली,** (निंसं.)भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा शहर मंडल करौली की सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश हरदेनिया, विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री आरती बैसला उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता कैलाश शर्मा ने सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले सभी कार्यक्रमों को जनता के बीच तक पहुंचाने की बात कही द्य सेवा पखवाड़े के तहत प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है जिसमें रक्तदान शिविर, गायों को चारा खिलाना, श्रमदान, स्वच्छता अभियान आदि कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गईद्यकार्यक्रम में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा उर्फ योगी , जिला उपाध्यक्ष अजय पाल, करौली नगर परिषद की सभापति डॉ राजरानी शर्मा, सुशील शर्मा,मंडल महामंत्री आशीष जैन, तेजेंद्र सिंह, कान्हा व्यास आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार्मिकों को पोश अधिनियम के प्रावधानों की दी जानकारी

**करौली ।** जिला प्रशासन एवं एक्शनएड एसोसिएशन इंडिया द्वारा चलाए जा रहे महिला श्रमिक उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल जागरूकता अभियान के अंतर्गत पंचायत समिति सपोटरा में विकास अधिकारी बृजलाल बैरवा की अध्यक्षता में बैठक की गई। एक्शनएड जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि एक्शनएड द्वारा संपूर्ण देश में 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत महिला श्रमिकों में पोश अधिनियम (कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013) के प्रति जागरूकता बढाना एवं उत्पीड़न की शिकायत स्थानीय शिकायत समिति, नजदीकी पुलिस थाना, राष्ट्रीय एवं राज्य महिला आयोग की बेबसाइट एवं शी - बोक्स पोर्टल पर करने एवं उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना है।

जिला समन्वयक ने कहा कि पोश एक्ट महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया एक कानून है. यह अधिनियम 2013 में पारित किया गया था और इसका उद्देश्य एक सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करना है जहाँ महिलाएँ उत्पीड़न के डर के बिना काम कर सकें। पोश अधिनियम में यौन उत्पीड़न को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जिसमें अवांछित शारीरिक संपर्क, यौन अनुठाह की मांग, अश्लील साहित्य दिखाना, और यौन प्रकृति का कोई भी अवांछित व्यवहार शामिल है। यह अधिनियम महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाता है, जिससे वे सुरक्षित और गरिमापूर्ण वातावरण में काम कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि ईंट भट्टों, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, खान, साफ सफाई एवं घरेलू कार्य करने वाली महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर उत्पीड़न की संभावना अधिक रहती है। महिला श्रमिकों के साथ कार्यस्थल पर ठेकेदार, मालिक, या अन्य व्यक्ति उत्पीड़न करता है तो महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करता है तो अधिनियम में शिकायत दर्ज करने और निवारण की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिला समन्वयक ने कहा कि जिलें में कई सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में पोश एक्ट के तहत आंतरिक व स्थानीय शिकायत समितियो का गठन नही हो रहा है। जिससे महिला कार्मिकों के साथ होने वालें उत्पीड़न की शिकायतें नही हो पाती है। इस अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति एवं स्थानीय शिकायत समितियों एवं असंगठित क्षेत्र के महिला श्रमिकों के लिए जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति का गठन / पुनर्गठन करवाकर उन्हें सक्रिय किया जा रहा है। जिसके लिए सभी विभागों के समन्वय से प्रक्रिया शुरू की जा रही है। विकास अधिकारी बृजलाल बैरवा ने पंचायत समिति स्तरीय पोश कमेटी को सक्रिय करने एवं सभी ठााम पंचायतों में पोश अधिनियम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मनरेगा स्थानों पर महिला श्रमिकों को अधिनियम की जानकारी दियें जाने के लिए ठााम विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस दौरान अधिकार मित्र रामराज बैरवा, आवास प्रभारी देवीशंकर, लेखराज, हेमराज माली सहित पंचायत समिति कार्मिक उपस्थित रहें।

**पश्चिम मध्य रेल**
शुद्धि पत्र
संख्या-डब्ल्यू/623/15 दिनांक-16.09.2025
ई-निविदा सूचना/सिविल इंजीनियरिंग/कोटा मण्डल
निम्नलिखित टेण्डर जो कि निविदा संख्या-डब्ल्यू/623/15, दिनांक 29.08.2025 के द्वारा प्रकाशित किये गए थे एवं जिन्हें दिनांक 22.09.2025 को खोला जाना था, इन्हें अब रद्द किया जाता है। **टेंडर संख्या : 181/2025, कार्य का विवरण :** कोटा-बयाना सेक्शन-टीएसआर (पी)-111.779 कि.मी. वाय पीक्यूआरएस विद कॉन्ट्रेक्टरस पोर्टल 108.319 कि.मी. एण्ड मेन्युएल-3.460 कि.मी. इनकुलिंडिग सबसाइडरी वर्क विद बीसीएम।
हस्ता.
वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर